देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 30.08.2026
समय 720

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- हरिद्वार में बिना मान्यता के संचालित हो रहे मदरसों को प्रशासन ने सील किया।
- दीनदयाल मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना के तहत उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित धराली गांव की बुजुर्ग महिलाओं को पर्यटन विभाग ने बद्रीनाथ धाम की यात्रा के लिए रवाना किया गया।
- मौसम विभाग ने प्रदेश में 2 सितंबर तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़–ऑन–एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

**नेपाल भीषण बाढ़**

नेपाल में आई भीषण बाढ़ में मृतकों की संख्या छह सौ 69 हो गई है और दो हजार से अधिक लोग लापता हैं। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान जारी है। बचाए गए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। बंद सड़कों को साफ करने का काम भी तेजी से चल रहा है।

विदेश मंत्रालय ने बताया है कि नेपाल में अब तक 88 भारतीय नागरिकों को बचाया जा चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि 287 भारतीय नागरिक लापता हैं। उन्होंने कहा कि 128 भारतीय मूल के लोग भी लापता हैं। रसुवा स्थित एक जलविद्युत परियोजना से चार भारतीय नागरिकों को बचाया गया। नेपाल सरकार ने संकट की इस घडी में भारत की तत्काल मदद की सराहना की है। नेपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को असाधारण रूप से उदार बताया है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने भी भारत की सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। वित्त मंत्री स्वर्णिम वागले ने कहा कि बाढ़ के बाद भारत से राहत सामग्री भेजी गई है और भारत ने पुनर्निर्माण के लिए सहायता प्रदान करने का संकेत दिया ळें

## उत्तराखंड की ग्लेशियर झीलें

नेपाल में ग्लेशियर झील फटने से हुई तबाही के बाद उत्तराखंड में इसे लेकर विशेष सर्तकता बरती जा रही है। प्रदेश में सैकड़ों ग्लेशियर झीलें मौजूद हैं, जिनमें कुछ को संभावित रूप से बेहद संवेदनशील माना गया है। ऐसे में समय रहते इनकी निगरानी और अर्ली वार्निंग सिस्टम मजबूत किया जा रहा है। हिमालयन वाडिया इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉक्टर विनीत गहलोत के मुताबिक उत्तराखंड में करीब 426 ग्लेशियर झीलें मौजूद हैं। इनमें से 13 झीलों को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने खतरनाक श्रेणी में चिन्हित किया है।

उन्होंने कहा कि इन संवेदनशील झीलों पर अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से करीब 30 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, जबकि करीब 8 करोड 10 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वसुंधरा ताल, माबांग, स्यूंतियांक्ति और प्युंगरु जैसी झीलों पर आधुनिक उपकरणों के जरिए लगातार निगरानी की योजना है। इसके लिए सेंसर, संचार और अर्ली वार्निंग सिस्टम विकसित किए जाने हैं।

## अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण

हरिद्वार में बिना अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त किए संचालित हो रहे दो मदरसों को प्रशासन ने सील कर दिया है। हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि मंगलौर क्षेत्र में मदरसा रोडवुड पब्लिक स्कूल और मदरसा तजबीदुल कुरान सितारजवी को प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने सील कर दिया है। उन्होंने बताया कि दो अन्य मदरसा संचालकों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समय दिया गया है। वहीं अल्पसंख्यक मामलों के सचिव डॉक्टर पराग मधुकर धकाते ने कहा कि अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त किए बिना संचालित मदरसों को संचालित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## दीनदयाल मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना

उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित धराली गांव की 30 बुजुर्ग महिलाओं को दीनदयाल मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना के तहत बद्रीनाथ धाम की यात्रा के लिए रवाना किया गया। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित चार दिवसीय इस तीर्थ यात्रा को लेकर बुजुर्ग महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। जिला र्प्यटन अधिकारी खुशाल सिंह नेगी ने बताया कि दीनदयाल मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना के तहत धराली गांव की 30 बुजुर्ग महिलाओं को आज बद्रीनाथ धाम के लिए रवाना किया गया है। यह योजना प्रदेश के सभी

जिलों में संचालित की जा रही है, जिसके तहत ऐसे बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराई जाती है, जो आर्थिक या अन्य कारणों से स्वयं यात्रा करने में सक्षम नहीं होते।

**दल का चयन**

पिथौरागढ़ जिले में वर्ष 2027 में गणतंत्र दिवस की परेड के लिए एनसीसी की 80वीं उत्तराखंड वाहिनी ने 45 सदस्यीय दल का चयन किया गया है। पुलिस लाइन में चली दो हफ्ते की कठिन चयन प्रक्रिया में पिथौरागढ़ और चंपावत जिले के एनसीसी कैडेट शामिल रहे। चयन प्रक्रिया से गार्ड ऑफ ऑनर में आठ, कर्तव्य पथ के लिए 13, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 11, बेस्ट कैडेट के लिए आठ और यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए पांच कैडेटों को चुना गया। दो कैडेट को रिजर्व रखा गया है। चयन प्रक्रिया कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल देवेश सिंह ऐरी के निर्देशन और प्रशासनिक अधिकारी मेजर संध्या सिंह की देखरेख में चली।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 2 सितंबर तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जबकि बागेश्वर और पिथौरागढ़ में ऑरेंज अलर्ट है।

मौसम विभाग ने आज देहरादून, पौड़ी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, चमोली, नैनीताल, चंपावत, ऊधमसिंह नगर और बागेश्वर में भारी बारिश के साथ तीव्र से अति तीव्र दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि 31 अगस्त को देहरादून, बागेश्वर, चमोली और नैनीताल में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा एक और दो सितंबर को देहरादून, टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, नैनीताल और हरिद्वार में भारी बारिश का अनुमान है। इस बीच विभाग ने बारिश के दौरान भूस्खलन और सड़क अवरोध की आशंका को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने और मौसम की स्थिति को देखते हुए ही यात्रा करने की अपील की है।

**दून मेडिकल कॉलेज में**

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में 12 बेड के नवनिर्मित कार्डियोलॉजी विंग और नवीन इमरजेंसी मेडिसिन वार्ड का लोकार्पण किया। इन सुविधाओं के शुरू होने से हृदय रोगियों के साथ ही गंभीर एवं आपातकालीन मरीजों को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

इस दौरान  स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों के संचालन से प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सा शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। साथ ही जटिल और गंभीर रोगों के उपचार के लिए राज्य में ही उच्च स्तरीय विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा।

उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशियलिटी शिक्षा और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।